# प्रदेश में चलेगा 7 से 26 तक वंदे मातरम अभियान

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने मीडिया को दी जानकारी



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 नवंबर. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को 7 नवंबर से शुरू हो रहे 'वंदे मातरम / 150 अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि वंदे मातरम वह गीत है जिसने आजादी के आंदोलन के दौरान लाखों भारतीयों को देशभक्ति, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना से ओतप्रोत किया.**

7 नवम्बर को स्व. बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम अपनी रचना के 150 वर्ष पूर्ण कर रहा है. भाजपा इस गीत की वर्षगांठ को देश और प्रदेश में उत्सव के रूप में मनाएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकास के साथ ही विरासत को संजोने का कार्य कर रहे हैं. प्रधानमंत्री की मंसानुसार हम सभी कार्यकर्ता इसे आत्मसात करने में जुटे हुए हैं. जब हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय मूल्यों को संजोकर रखेंगे, तभी हमारा विकास स्थायी, संतुलित और सार्थक होगा.

खण्डेलवाल ने कहा कि वंदेमातरम /150 केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जिसने हमें स्वाधीनता का स्वप्न देखने और उसे साकार करने की प्रेरणा दी. भाजपा इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मना रही है, जो केवल एक दिन का नहीं, बल्कि 7 नवम्बर से 26 नवम्बर संविधान दिवस तक चलने वाला राष्ट्रव्यापी उत्सव होगा, जिसमें हर जिले और हर शैक्षणिक संस्थान की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी. 7 नवम्बर को वंदेमातरम का वाचन प्रदेश के 150 स्थानों पर, न्यूनतम 150 व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा. इस पूरे अभियान में सेमिनार, प्रदर्शनी, साहित्यिक प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया अभियान और लेखन गतिविधियां होंगी, ताकि युवाओं तक इस गीत का संदेश पहुंचे.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस के शासनकाल में भी चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर अभियान चलाया जाता रहा है. एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है, लेकिन लगातार चुनावों में मिल रही हार की खीझ उतारने कांग्रेस नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं.

### प्रदेश भर में एक साथ शुरू होगा कार्यक्रम

खण्डेलवाल ने कहा कि प्रदेशभर में यह कार्यक्रम 7 नवंबर को एक साथ शुरू होगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के शौर्य स्मारक में उपस्थित रहेंगे. इसके अलावा मंत्रीगण प्रदेश के दसों संभागों में जनता के साथ जुड़कर इस गीत से अभिव्यक्त होने वाली राष्ट्रभावना को और सशक्त बनाएंगे. भाजपा 7 नवंबर को ही प्रदेश के दस विशेष स्थानों पर आयोजन करेगी. भोपाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, नर्मदापुरम के माँ नर्मदा तट सैठानी घाट, मुरैना के शहीद रामप्रसाद बिस्मिल स्मारक, ग्वालियर के रानी लक्ष्मीबाई बलिदान स्थल, सागर के रानी लक्ष्मीबाई स्मारक स्थल, रीवा के शहीद पदम्धर स्मारक, शहडोल के शहीद स्मारक पर कार्यक्रम होंगे.

## भगवान महाकालेश्वर की भस्म आरती में पहुंचे तमिल अभिनेता रवि मोहन

**उज्जैन.** तमिल फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता रवि मोहन आज तड़के विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में होने वाली भस्म आरती में शामिल हुए और उन्होंने भगवान महाकालेश्वर की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर दर्शन किए.अभिनेता रवि मोहन पहली बार श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे और उन्होंने चर्चा के दौरान कहा कि वह भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर बहुत प्रसन्न हुए और आनंद की अनुभूति हुई. उन्होंने कहा कि हालांकि उनकी हिंदी अच्छी नहीं है, लेकिन उनका विश्वास बहुत है. मंदिर की व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन देख कर उन्हें बहुत अच्छा लगा.

# पिपरिया क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं का जनसंपर्क

## ग्रामीण समस्याओं का लिया प्रत्यक्ष फीडबैक, ग्रामीणों से की चर्चा



विशेष संवाददाता

**पचमढ़ी,05 नवम्बर. जिला कांग्रेस अध्यक्षों के चल रहे संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं ने क्षेत्र के कई गांवों में व्यापक जनसंपर्क किया.**

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों की समस्याओं को नजदीक से समझने के उद्देश्य से लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया. कांग्रेस नेताओं ने गांवों में पहुंच कर विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया.

उन्होंने स्थानीय निवासियों से पूछा कि क्या सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें समय पर और पूर्ण रूप से प्राप्त हो रहा है. इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, पेयजल की स्थिति, आजीविका योजनाओं और पंचायत व्यवस्था समेत बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की जांच की गई. इसके साथ ही विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता का भी आकलन किया गया.

> नेताओं ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी वर्ग की आवाज़ को प्रभावी रूप से सामने लाना आवश्यक है, ताकि उन्हें वास्तविक विकास और प्रशासनिक जवाबदेही प्राप्त हो सके. उन्होंने बताया कि इस प्रकार के जनसंवाद और जमीनी निरीक्षण से न केवल समस्याओं की सही जानकारी मिलती है, बल्कि संगठनात्मक स्तर पर जनता के साथ मजबूत संबंध भी स्थापित होते हैं. कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के जनसंपर्क और निरीक्षण कार्यक्रम जारी रहेंगे, ताकि विकास कार्यों का लाभ वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है.

# राहुल प्रधानमंत्री बनने लायक नहीं



हरिचरण सोनी

**राधौगढ ,05 नवम्बर. राजगढ के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह द्वारा राष्ट सर्वोपरि समरसता पर आधारित निकाली गई यात्रा के दौरान राजनीति में उस समय फिर बवाल खड़ा कर दिया.**

जब उन्होंने मीडिया के सवालों के बीच कहा कि बिहार चुनाव में ऐसा पहली बार सामने आया है कि वहा के सहयोगी दलों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोटो तक नही लगाया. जो नेता राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाने की बात कह रहे है मुझे पता नही उनसे क्या लगाव है।

लक्ष्मण सिंह का ब्यान यहा तक ही सीमित नही रहा बल्कि उन्होने यह तक कह दिया कि किसी बच्चे से पूछ लीजिये वो बता देगा कि राहुल गाँधी प्रधानमंत्री बनने लायक नही है ? क्योकि राहुल गाँधी स्वंय जानते है कि मै प्रधानमंत्री नही बन सकता । कांग्रेस के निष्कासित पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अग्रज पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह द्वारा राधौगढ से रूठियाई तक निकाली गई.

> संविधान में नही है।उन्होने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने प्रभारी मंत्री का कही उल्लेख नही किया और प्रभारी मंत्री अपनों का भला सोचते है। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मै इस मुददे पर प्रधानमंत्री और मुख्य मंत्री से बात करूगा कि जिले में विधायकों और सरपंचों के बीच कलेक्टर के साथ विकास और समस्याओ की मिटिंग होना चाहिये।लक्ष्मण सिंह ने कहा कि कॉपरेटिव बैंक बंद करने के आलावा प्रदेश के हजारों गरीब-मजदूरों को पडोसी राज्यों में पलायन करना पड रहा है।इस दौरान उन्होने कहा कि पलायन रोकने के लिये लघुउद्योगो की स्थापना की जरूरत है।

# एमएसएमई प्रतिनिधियों का दल हैदराबाद रवाना

### फार्मा सेज क्लस्टर का करेगा अवलोकन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 नवंबर. मध्यप्रदेश के एमएसएमई प्रतिनिधियों के 18 सदस्यीय अध्ययन दल बुधवार को इन्दौर विमानतल से सांसद शंकर लालवानी ने हैदराबाद के लिए रवाना किया.**

यह दल रैम्प योजना के अंतर्गत हैदराबाद के फार्मा सेज क्लस्टर का अवलोकन करेगा. इस अध्ययन दल को एमएसएमई विभाग के सीखने एवं सहयोग और विकास के तहत भेजा गया है. इसका समन्वय मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा किया जा रहा है. यह अध्ययन दल 07 नवंबर तक अवलोकन यात्रा पर रहेगा. इस दल में इन्दौर, पीथमपुर, मालनपुर, भोपाल, भिंड और देवास के लघु उद्यमी शामिल हैं. ये सभी प्रतिनिधि फार्मा निर्माण पैकेजिंग, आरएंडडी और सप्लाई चेन से जुड़े उद्योगों से है. प्रतिनिधि हैदराबाद के फार्मा सेज में स्थित देश की अग्रणी कम्पनियों जैसे आरबिंदो फार्मा लि., हेटेरो लैब्स लि. और यूजिया फार्मा तथा अन्य प्रमुख फार्मास्यूटिकल इकाइयों का भ्रमण करेंगे. उन्हें उद्योग विशेषज्ञों उत्पादन प्रबंधकों और गुणवत्ता प्रमुखों से संवाद का अवसर मिलेगा.

# पूर्व सीएम अर्जुन सिंह को कांग्रेसियों ने किया याद

विशेष संवाददाता

**भोपाल,05 नवम्बर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर बुधवार को राजधानी में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया.**



प्रात:काल बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके सार्वजनिक जीवन में दिए गए योगदान को स्मरण किया. इसके बाद शिवाजी नगर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अर्जुन सिंह के बड़े पुत्र अभिमन्यु सिंह तथा उनके छोटे पुत्र और कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित रहे और अपने पिता के राजनीतिक एवं सामाजिक योगदान से जुड़े स्मरण भाव साझा किए.

उन्होंने हाल ही में न्यूयॉर्क की मेयरल चुनावी सभा में पंडित जवाहरलाल नेहरू के संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे नेहरू आज भी विश्व स्तर पर याद किए जाते हैं, उसी प्रकार अर्जुन सिंह भी अपने व्यापक राष्ट्रीय दृष्टिकोण और योगदानों के लिए सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे.

चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अर्जुन सिंह की वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाने और राष्ट्र को मजबूत बनाने का संकल्प लें. उन्होंने कहा कि यह हमारी पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि अर्जुन सिंह द्वारा स्थापित मूल्यों को जीवित रखें.

> इस अवसर पर पूर्व मंत्री मुकेश नायक, पी.सी. शर्मा, शेरयार खान, चंद्रिका द्विवेदी, दिलीप मिश्रा, महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, कल्पना वर्मा, प्रहलाद टिपानिया, अजीत भदौरिया, अभिनव बरोरिया, जे.पी. धनोपिया, रवि सक्सेना, अवनीश बुंदेला, राजकुमार सिंह, धर्मेंद्र तिवारी, विवेक तोमर, सत्येंद्र कुशवाहा सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे.

## नर्मदा नदी में नहाते समय बालक डूबा

**नरसिंहपुर.** जिले में आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा नदी में स्नान करने आया एक बालक डूब गया. जिले के विभिन्न घाटों पर जल में डुबकी लगाने वालों का आज सैलाब उमड़ा हुआ है. पुलिस थाना तेन्दूखेडा के ककराघाट में दोपहर के समय गाडरवारा निवासी 13 साल का मोहित पिता संतोष सोनी डूब गया.उसकी तलाश की जा रही है. पुलिस ने बताया कि बालक अपने चचेरे भाई के साथ नहाने के लिए आया था वह किसी कार्य से घाट से दूर गया था. तभी मोहित अपने हमउम्र दो दोस्तों के साथ नहाने चला गया जो गहरे पानी में चले जाने से डूब गया. वहां मौजूद सदस्यों ने अन्य बच्चों को बचा लिया मगर मोहित की तलाश की जा रही है.

# राज्यपाल को 68वां वार्षिक प्रतिवेदन भेंट

**भोपाल, 5 नवम्बर . मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेशलाल मेहरा, सदस्य डॉ. नरेन्द्र कोष्ठी, सचिव राखी सहाय और परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके गुप्ता ने बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से राजभवन में सौजन्य भेंट की.**



उन्होंने राज्यपाल को आयोग का 68वां वार्षिक प्रतिवेदन भेंट किया. राज्यपाल पटेल को आयोग के अध्यक्ष डॉ. मेहरा ने वर्ष 2024-25 के दौरान आयोग की प्रमुख गतिविधियों, उपलब्धियों और सुधारात्मक प्रयासों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस अवधि में आयोग ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए 5,581 पदों हेतु कुल 71 विज्ञापन जारी किए. आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा और राज्य वन सेवा परीक्षा 2023, 2024 एवं 2025 की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया.

> डॉ. मेहरा ने बताया कि आयोग ने परीक्षा प्रणाली में गुणवत्ता संवर्धन और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से कई नवाचार किए हैं. इनमें ई-न्यूज लेटर 'संवदिया' का प्रकाशन, 'विषय विशेषज्ञ पोर्टल' की शुरुआत और ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की आधुनिक प्रक्रिया शामिल है. इन नवाचारों से परीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और अभ्यर्थी हितैषी बनी है. राज्यपाल पटेल ने आयोग की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग राज्य शासन के लिए कुशल, योग्य और ईमानदार मानव संसाधन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

# महिला नेत्री ने लगाए भाजपा के जिला मंत्री पर उत्पीड़न के आरोप

**ग्वालियर. भाजपा के दीपावली मिलन समारोह के दौरान तमाम नेताओं की मौजूदगी में जमकर हंगामा हो गया. कार्यक्रम के दौरान एक महिला नेत्री ने पार्टी के जिला महामंत्री पर सरेआम उत्पीडऩ के आरोप लगाए.**

अवसर था जन्कगंज स्थित एक निजी पैलेस में आयोजित वार्ड-41 के भाजपा के दीपावली मिलन समारोह का. समारोह के दौरान पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ऊषा चौहान की बेटी ने भाजपा प्रदेश महामंत्री विनय जैन पर उत्पीडऩ के आरोप लगाए. इससे मौके पर संनाटा खिंच गया.

समारोह के दौरान अतिथि और विनय जैन मंच पर बैठे थे, इसी बीच उषा चौहान की बेटी आई और विनय जैन को अपशब्द बोलने लगीं. ये देखकर अतिथि मंच से उतरे और उनकी बेटी को समझा कर मामला शांत कराया. इस संबंध में उषा चौहान का कहना है कि विनय जैन लगातार हम लोगों का उत्पीडऩ कर रहे हैं. इसकी शिकायत भी जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया से की थी, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि वह भोपाल में हैं, ग्वालियर पहुंचकर मामले की जानकारी लेकर कदम उठाया जाएगा.

# ठंडी हवाओं के साथ शाम का गिरा तापमान

### 06 नवंबर तक चलेगी बूंदाबांदी

**भोपाल, 5 नवंबर 2025. मध्यप्रदेश में मौसम ने करवट लेना शुरू कर दिया है. राज्य के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में ठंडी हवाओं के साथ सुबह-शाम का तापमान गिरने लगा है.**

ग्वालियर-चंबल अंचल में सुबह कोहरा छा रहा है, जबकि कई जिलों में हल्की ठंड महसूस की जा रही है. मौसम विभाग के अनुसार, इस समय राज्य के उत्तरी भाग में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम सक्रिय है, जिसके कारण अगले दो दिनों तक कुछ इलाकों में बादल और हल्की बारिश बनी रह सकती है. इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय हो रहा है, जिसके असर से हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी और मध्यप्रदेश में ठंडी हवाएं तेज होंगी.



विभाग ने अनुमान जताया है कि 5 और 6 नवंबर को जबलपुर, नर्मदापुरम, भोपाल और शहडोल संभागों में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है. रायसेन, हरदा, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला और बालाघाट जिलों में भी कहीं-कहीं फुहारें पड़ सकती हैं. वहीं, इंदौर, उज्जैन और भोपाल में दिन में धूप निकलने के आसार हैं.

### दो दिन बाद साफ होगा आसमान

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 6 नवंबर के बाद आसमान धीरे-धीरे साफ होगा. उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है. 15 नवंबर के बाद प्रदेश में ठंड का असर और बढ़ने की संभावना है. मंगलवार को पचमढ़ी सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. ग्वालियर, शिवपुरी, इंदौर, बैतूल, धार और सिवनी सहित कई शहरों में दिन का तापमान 30 डिग्री से नीचे रहा.

# बेसहारा बच्चों के धर्मांतरण पर हिन्दू राजनीति में उबाल

- अफसरों ने घटनाओं से नहीं सीखा सबक
- दोषी पाए जाएं तो सख्त कार्रवाई हो : हिन्दू संगठन



**ग्वालियर, 5 नवंबर. बड़ागांव क्षेत्र स्थित बिशप निवास में चल रहे धर्मांतरण और 5 राज्यों के बच्चों को धर्मगुरु बनाने की खबर सामने आने के बाद ग्वालियर के हिन्दू एवं सनातनी संगठनों में गहन रोष व्याप्त है।**

हिन्दू संगठनों ने ग्वालियर में चल रहे धर्मांतरण के इस कथित अड्डे के खिलाफ तत्काल नियमोचित एवं न्यायोचित कार्रवाई एवं दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। हिन्दू संगठनों का कहना है कि इससे पहले ग्वालियर जिले में ही भितरवार में धर्मान्तरण और महाराजपुरा थाना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों का भी मामला सामने आ चुका है, तब भी प्रशासन ने सजगता नहीं बरती। बहरहाल, ग्वालियर जिला प्रशासन ने दो सदस्यो का जांच दल गठित कर दिया है।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयवीर भारद्वाज यह मामला सामने आने के बाद गुस्से में हैं। उन्होंने कहा कि अभी कुछ माह पूर्व ही ग्वालियर के भितरवार में खुलेआम धर्मान्तरण और सनातन के खिलाफ मंच से अपशब्द बोलने का मामला सामने आया था।सब कुछ खुलेआम होने के बावजूद आज तक इसको लेकर कोई कार्यवाही जिला प्रशासन ने नहीं की, इतना ही नहीं डबरा में भी ईसाई मिशनरीज से जुड़े स्कूल की करतूतें सामने आ चुकी हैं।बंग्लादेशी घुसपैठियों के पकड़े जाने और पुलिस को चकमा देकर भागने की घटनायें भी ग्वालियर में घटित हुई हैं।इन सबको लेकर हिन्दू महासभा सहित तमाम संगठन कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

### सामूहिक धर्मांतरण पर 10 साल तक की जेल

बजरंग दल एवं विहिप के नेता पप्पू वर्मा कहते हैं कि मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 2021 के अनुसार धर्मांतारण के सामान्य मामलों में 1-5 साल जेल, महिलाओं, नाबालिगों या एससी-एसटी के मामले में 2-10 साल जेल और 50,000 जुर्माना, सामूहिक धर्मांतरण पर 5-10 साल जेल और 1 लाख रुपए जुर्माना एवं धर्म परिवर्तन से 60 दिन पहले जिला मजिस्ट्रेट को सूचना देना अनिवार्य है।उन्होंने सवाल किया कि क्या बड़ागांव में धर्मांतरण की मुहिम चलाने के पहले किसी प्रशासनिक अधिकारी से कोई अनुमति ली गई थी।उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के इस पूरे मामले की त्वरित एवं निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

मुलाकात

मुख्यमंत्री राज्य सरकार की उपलब्धियों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया

# सीएम से मिले केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 5 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से केंद्रीय सूचना - प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की उपलब्धियों से केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरूगन को अवगत कराया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में आरंभ होने वाले आकाशवाणी केंद्र के संबंध में केंद्रीय राज्य मंत्री से चर्चा की. भेंट के दौरान दूरदर्शन समाचार द्वारा भोपाल में दिसंबर में आयोजित किए जा रहे डी.डी. कॉन्क्लेव के संबंध में भी चर्चा हुई.



### सीएम से मिले अभिनेता आशुतोष राणा



**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने सौजन्य भेंट की.

## मेडिकल कॉलेज की जमीन पर ग्रामीणों का विरोध तेज

**बैतूल.** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के ग्राम कोसमी में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. प्रशासन द्वारा इस भूमि को कॉलेज निर्माण के लिए निजी संस्था को आवंटित करने की तैयारी की जा रही है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है. मंगलवार को कोसमी गांव के दर्जनों ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने बताया कि इस जमीन पर वे वर्ष 1980 से रह रहे हैं. यहां लगभग 70 परिवारों ने अपने पक्के मकान बना रखे हैं और वर्ष 1998 में उन्हें राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा पट्टे भी दिए गए थे.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14